केंद्रीय विद्यालय संगठन , चंडीगढ़ संभाग , चंडीगढ़

कक्षा : सातवीं

विषय : हिन्दी

समय 2.30घंटा पूर्णांक -60

निर्देश :

[1] प्रश्नपत्र चार खंडो में विभाजित है ।

[2] निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

[3] प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।

[4] किसी प्रश्न के उत्तर की पुनरावृति न करें

(खंड – क)

प्रश्न-1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x5=5

मनुष्य का अपने कर्म पर अधिकार है। कर्म के अनुसार फल मिलता है। अच्छे कर्म करने वालों को फल भी अच्छा मिलता है। बुरे काम का परिणाम भी बुरा होता है। कर्म करना बीज बोने के समान है। जैसा बीज बोता है वैसे ही फल होता है। एक छात्र परिश्रम की राह पर चलता है तो उसे सफलता तथा संतुष्टि का फल प्राप्त होता है। दूसरा छात्र नकल और प्रवंचना का जीवन जीता है, उसे जीवन भर चोरी, ठगी और धोखेबाजों के बीच रहना पड़ता है। दुष्ट लोगों के बीच जीना तो दंड है अतः मनुष्य को पुण्य कर्म करते रहना चाहिए। इसी से मन को सच्चा सुख मिलता है।

(i) मनुष्य का किस पर अधिकार है-

क॰ जिंदगी ख॰ स्वभाव

ग॰ कर्म घ॰ समय

(ii) बुरे काम का परिणाम कैसा होता है-

क॰ अच्छा ख॰ बुरा

ग॰ अजीब घ॰ कोई भी नहीं

(iii) कर्म करना किस समान है-

क॰ सोने के समान ख॰ बीच बोने के समान

ग॰ खाने के समान घ॰ काम करने के समान

(iv) कौन से लोगों के बीच रहना दण्ड है-

क॰ ईमानदार　　　　ख॰ परिश्रमी

ग॰ दुष्ट　　　　घ॰ अनजान

(v) मनुष्य को कौन से कर्म करने चाहिए-

क॰ बेकार　　　　ख॰ पुण्य वाले

ग॰ खराब　　　　घ॰ गलत

प्र॰ 2 निम्नलिखित पदयांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- 1x5=5

पानी सचमुच खूब पड़ेगा
लम्बी चौड़ी गलीभरेगा।
लाकर घर में नदी धरेगा
ऐसे में तुम भी लहराओ।
भैया मेरे, जल्दी आओ॥
गुल्लक भारी अपनी खोलो,
हल्की मेरी नही टटोलो
पैसे नए-नए ही रोलों।

(i) सचमुच में खूब क्या पड़ेगा?

क॰ बर्फ　　　　ख॰ पानी

ग॰ ओस　　　　घ॰ कोहरा

(ii) पानी से क्या भरेगा?

क॰ गली　　　　ख॰ सड़क

ग॰ घर　　　　घ॰ स्कूल

(iii) गुल्ल्क में नए-नए क्या डालते हैं?

क॰ पैसे　　　　ख॰ नाव

ग॰ कपड़े　　　　घ॰ सुई

(iv) अपनी भारी क्या खोलों?

क॰ गुल्लक　　　　ख॰ किताब

ग॰ दरवाजा　　　　घ॰ खिड़की

(v) दिए गए विकल्पों में विलोम शब्द का युग्म चुनिए-

क॰ नए-नए　　　　ख॰ हल्की-भारी

ग॰ खोलो-टटोलो　　　　घ-भारी-भारी

(खंड–ख) रचनात्मक कार्य

प्रश्न 3-निम्नांकित में से किसी एक विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए | 5

(१) हमारा पुस्तकालय (२) मेरी प्रिय पुस्तक (३) होली

प्रश्न4- शुल्क-माफी हेतु अपने विद्यालय -प्राचार्य को एक प्रार्थना- पत्र लिखिए | 5

अथवा

अनुशासन का महत्व बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए |

खंड-ग

(व्याकरण)

प्रश्न-5 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-

(i-ii) निम्नांकित शब्दों की संधि –विच्छेद कीजिए | 2

नवागंतुक, नीलाभ |

(iii-iv) 'इक' एवं 'इत' प्रत्यय से प्रत्येक के लिए दो-दो शब्द लिखिए | 2

(v-vi) निम्नांकित शब्दों में से संज्ञा एवं विशेषण छाँटकर लिखिए | 2

प्रेरणा , प्रेरक , उत्साह, उत्साहित |

(vii-viii) उचित वाक्यांश चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए | 2

टप से ,फुर्र से ,छप से |

(क) मेंढक पानी में --------- कूद गया |

(ख) शोर होते ही चिड़िया ------- उड़ गई |

(ix-x) निम्नाकित मुहावरों का अपने वाक्यों में उचित प्रयोग कीजिए | 2

नौ दो ग्यारह होना, ईद का चाँद होना |

(खंड–घ) पाठ्य-पुस्तक से

प्रश्न 6- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

नीलकंठ ने अपने आपको चिड़ियाघर के निवासी जीव-जंतुओं का सेनापति और संरक्षण नियुक्त कर लिया |सवेरे ही वह सब खरगोश,कबूतर आदि की सेना एकत्र कर उस ओर ले जाता जहाँ दाना दिया जाता है और घूम-घूमकर मानों सबकी रखवाली करता रहता|किसी ने कुछ गड़बड़ की और वह अपनी तीखे चंचु-प्रहार से उसे दंड देने दौड़ा |

1+2+2=5

(i) पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए |

(ii) चिड़ियाघर का सेनापति कौन बना और कैसे ?

(iii) नीलकंठ अपने साथी जानवरों को किस प्रकार दंड देता था ?

प्रश्न 7-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 1+2+2=5

मैं घमंड में भरा ऐंठा हुआ
एक दिन जब था मुंडेरे पर खड़ा
आ अचानक दूर से उड़ता हुआ
एक तिनका आँख में मेरी पड़ा|

(i) पद्यांश में “मैं” किसका प्रतीक हैं?

(ii) कवि कहाँ और कैसे खड़ा था?

(iii) कवि की आँख में क्या आकर गिरा?

प्रश्न 8- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 2x5=10

(i) कंचे जब जार से निकलकर अप्पू के मन की कल्पना में समा जाते हैं, तब क्या होता है ?

(ii) रहीम जी ने सच्चे मित्र की क्या विशेषताएँ बताई हैं ?

(iii) खानपान की मिश्रित संस्कृति से लेखक का क्या मतलब है ?

(iv) बृज की भोर का वर्णन ‘भोर और बरखा’ कविता के आधार पर कीजिए |

(v)वीर कुँवर सिंह के व्यक्तित्व की कौन- कौन सी विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया ?

<u>मूल्यपरक प्रश्न</u>

प्रश्न-9 आप को पढ़ने के अलावा और किन-किन गतिविधियों या कामों में खूब मज़ा आता हैं ? अपने अनुभव के आधार पर लिखिए । 4

अथवा

गाँधी जी के आश्रम के लिए अनुमानित बजट पाठ को पढ़ने के बाद आश्रम के उद्देश्यों और कार्यप्रणाली के बारे में संक्षेप में लिखिए ।

प्रश्न 10 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए – 2x3=6

(i) कंक कौन था ? उसका क्या कार्य था |

(ii) कीचक कौन था ? उसका वध किसने और क्यों किया ?

(iii) शकुनि का वध किसने किया था ?

(iv) भीष्म की मृत्यु के बाद किसे कौरवों की सेना का सेनापति नियुक्त किया गया ?

(v) पांडवों ने कहाँ अपना अज्ञातवास बिताने का निश्चय किया और क्यों ?